## कोहरे में कार टकराई, एक की मौत

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिले के टाउन थाना क्षेत्र में देर रात सड़क हादसे में वन विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की मौत हो गई। हादसे में वाहन में मौजूद एक अन्य व्यक्ति गंभीर घायल हो गया।

हादसा देर रात करीब डेढ़ बजे टिब्बी रोड पर एसआरएम स्कूल की दीवार से कार के टकराने के कारण हुआ। टाउन थाने के एएसआई दिलीप सिंह ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे हुई इस दुर्घटना में वन विभाग के कर्मचारी अमीलाल निवासी सलेमगढ़ मसानी की मौके पर ही मौत हो गई। घायल मुकेश को तत्काल ट्रोमा सेंटर में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि घने कोहरे के कारण तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दीवार से टकरा गई। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि कोहरे के मौसम में यातायात नियमों का पालन करें और अति आवश्यक होने पर ही वाहन लेकर निकलें।

वहीं जंक्शन थाना क्षेत्र में एक बड़ी चोरी की वारदात सामने आई है। न्यू हाउसिंग बोर्ड में ओमप्रकाश के घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर-ट्राले को चोर रात के अंधेरे में चुरा ले गए।

घटना सालीवाला पीएस टिब्बी के रहने वाले गुरमुख सिंह (28) का ट्रैक्टर उनके ड्राइवर सरबन ने शाम 7 बजे न्यू हाउसिंग बोर्ड में ओमप्रकाश के घर के बाहर पार्क किया था। रात 9 बजे तक ट्रैक्टर-ट्रोला वहीं खड़ा था। लेकिन इसके बाद कोई व्यक्ति इसे चुरा ले गया।

# सम्मेलन में शिक्षकों की मांगों व नई शिक्षा नीति 2020 पर मंथन

**बीकानेर,** (कासं)। शिक्षक संघ (रेसटा) के सम्मेलन में दो दिनों में शिक्षा, शिक्षक एवं शिक्षार्थी पर मंथन किया एवं नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत चर्चा की गई व इनका मांग पत्र तैयार करके राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भिजवाने का निर्णय लिया।

शिक्षक संघ एलीमेंट्री सैकण्डरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक

- **शिक्षक संघ रेसटा के वार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए जिसमें लगातार पांचवी मोहर सिंह सलावद प्रदेशाध्यक्ष चुने गए**



**बीकानेर में शिक्षक सम्मेलन के दूसरे दिन खुले सत्र में प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद व प्रदेश कोषाध्यक्ष श्यामसुन्दर बिश्नोई ने शिक्षकों को संबोधित किया।**

सम्मेलन के दूसरे दिन प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता व भारतीय स्टेट बैंक पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेन्द्र मीणा के आतिथ्य में बिश्नोई धर्मशाला में खुला सत्र आयोजित किया गया। सम्मेलन की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। सम्मेलन के खुले सत्र में जिसमें राज्य भर से आये शिक्षकों ने अपनी मांगों से अवगत करवाया।

प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद व प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कारवान शिक्षा देना शिक्षक का कर्तव्य है और इस कर्तव्य को हम सभी को बखूबी निभाना है। संगठन महामंत्री नवल सिंह मीना द्वारा संगठन वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। अंत में कार्यक्रम संयोजक सीताराम डूडी व सह संयोजक पवन शर्मा ने आये हुए मेहमानों का आभार व्यक्त किया एवं कहा कि आपकी समस्त मांगों को राज्य सरकार व शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक पहुंचाया जायेगा।

सम्मेलन में राजस्थान के सभी जिलों से हजारों की संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। मंच संचालन मदन मोहन मोदी व पवन कुमार राठी द्वारा किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन शिक्षक संघ रेसटा के वार्षिक चुनाव निर्विरोध संपन्न हुए जिसमें लगातार पांचवी मोहर सिंह सलावद प्रदेशाध्यक्ष सहित प्रदेश संरक्षक सफी मोहम्मद मंसूरी, प्रदेश महामंत्री नवल सिंह मीना, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंशाराम खिजुरी, प्रदेश प्रवक्ता राजीव चौधरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर बिश्नोई, प्रदेश विधि सहलाकार हनुमान शर्मा निर्विरोध निर्चाचित हुए।

इस अवसर पर उदयपुर मंडल अध्यक्ष अनीश खान, कोटा मंडल अध्यक्ष पप्पू लाल चंडालिया, जयपुर मंडल अध्यक्ष मोहनलाल बासनवाल, भरतपुर जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, जिला संरक्षक लेखराज मीणा, राजसमंद जिलाध्यक्ष लक्ष्मीलाल शर्मा, गंगापुर सिटी जिलाध्यक्ष राजकमल बिनौरी, कोटा जिलाध्यक्ष परमानंद गोठवाल, बारां जिलाध्यक्ष गजराज सिंह मोठपुर, पाली जिलाध्यक्ष कमलेश मीना, दौसा जिलाध्यक्ष सांवलराम सोनड़, चूरू जिलाध्यक्ष रामावतार पबरी, श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष वनीत नारंग, फलौदी जिलाध्यक्ष दुर्गाराम बिरठ, सीकर जिलाध्यक्ष देवी सिंह मीणा, जयपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार मीना, बीकानेर जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी सहित बीकानेर जिला कार्यकारणी के संजीव कुमार यादव मौजूद थे।

## जेईई-मैन परीक्षा 22 से शुरू

**बीकानेर,**(कासं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित की जा रही देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मैन जनवरी सेशन के एडमिट कार्ड शनिवार दोपहर जारी कर दिए गए। परीक्षा 22 जनवरी से शुरू हो रही है।

काउंसलिंग एक्सपर्ट के मुताबिक 22 से 30 जनवरी के मध्य पूर्णतः कम्प्यूटर बेस्ड 11 शिफ्टों में देश विदेश के 331 परीक्षा शहरों में यह परीक्षा होने जा रही है। जिसमें 22 से 29 जनवरी के मध्य 10 शिफ्टों में बीई-बीटेक एवं 30 जनवरी को एक शिफ्ट में बीआर्क की परीक्षा संपन्न होगी। विद्यार्थियों के लिए एडवांस सिटी इंटीमेशन पांच दिन पूर्व जारी कर दिए गए थे। अभी 22, 23 व 24 जनवरी को होने वाली परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जारी किए गए हैं। इसके बाद 28 व 29 जनवरी को होने वाली परीक्षाओं के एडमिट कार्ड भी परीक्षा से तीन दिन पहले जारी होंगे। इसके बाद 30 जनवरी को बीआर्क की परीक्षा के एडमिट कार्ड जारी होंगे।

रविवार को एडमिट कार्ड रिलीज करने के साथ ही नोटिफिकेशन भी जारी किया गया। इसमें स्पष्ट किया गया है कि 22 से 24 जनवरी के बाद होने वाली परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के एडमिट कार्ड परीक्षा दिन से दो दिन पूर्व जारी किए जायेंगे। विद्यार्थी को चाहिए कि अनावश्यक रूप से परेशान नहीं हों और दिए गए नोटिस के अनुसार तीन दिन पहले अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करें। यह व्यवस्था पिछले साल भी लागू की गई थी। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटे पहले प्रवेश बंद कर दिए जायेंगे। प्रवेश पत्र में दिए गए बार कोड रीडर के माध्यम से लैब आवंटित की जायेगी।

## सार-समाचार

### डॉ. साद ने कार्यभार संभाला



**डॉ पुखराज साद ने सीएमएचओ बीकानेर का कार्यभार ग्रहण किया।**

**बीकानेर,** (कासं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीकानेर के पद पर नियुक्ति के साथ ही शनिवार को डॉ पुखराज साद ने पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कार्यवाहक सीएमएचओ डॉ राजेश कुमार गुप्ता का स्थान लिया है। इससे पूर्व डॉ साद पीबीएम हॉस्पिटल के कैंसर विभाग में पदस्थापित थे। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं से अवगत करवाया। डॉ साद ने बताया कि अंतिम छोर पर बैठे आमजन तक गुणवत्तापूर्ण एवं निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। संस्थागत प्रसव व टीकाकरण को मजबूत करते हुए मातृ मृत्यु दर व शिशु मृत्यु दर में गिरावट लाने हेतु काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की मंशा अनुरूप राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं का कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन करेंगे और आमजन को अधिकाधिक लाभान्वित करेंगे। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सामाजिक संगठनों द्वारा डॉ साद का स्वागत कर शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उपनिदेशक बीकानेर जॉन डॉ राहुल हर्ष, जिला टीबी अधिकारी डॉ चंद्रशेखर मोदी, डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ लोकेश गुप्ता, डॉ नवल किशोर गुप्ता, डॉ अनिल वर्मा, डॉ मुकेश मीणा, डॉ सुनील कुमार जैन, डॉ शिवशंकर झंवर, डॉ विजय शंकर बोहरा, डॉ कपिल पारीक, डॉ हरफूल सिंह बिश्नोई, जयकुमार सिंह मान, विकास चौधरी, मधुसूदन व्यास सहित पीबीएम अस्पताल एवं स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों ने डॉ साद का स्वागत किया।

### 10 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त



**प्रवर्तन निरीक्षक प्रखर भार्गव और राहुल गुलानी की टीम ने 10 सिलेंडर जब्त किए।**

**बीकानेर,** (कासं)। घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग रोकने के अभियान के तहत शनिवार को पीबीएम अस्पताल के सामने, श्रीराम हॉस्पिटल के पास अवैध रिफिलिंग और भंडारण की सूचना मिली। सूचना के आधार पर प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार के नेतृत्व में प्रवर्तन निरीक्षक प्रखर भार्गव और राहुल गुलानी की टीम जब मौके पर पहुंची तो साजिद पुत्र बरकत अली, निवासी पूगल रोड को घरेलू सिलेंडर से गाड़ी में गैस भरते पकड़ा गया। वहीं से 10 सिलेंडर, एक इलेक्ट्रोनिक कांटा और रिफिलिंग मोटर जब्त की गई। आरोपी के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में धारा 6(ए) के तहत वाद दायर किया जायेगा। सुथार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का दुरूपयोग करने के विरूद्ध अभियान में जनता का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने आमजन से अपील है कि ऐसे किसी भी दुरूपयोग की सूचना कार्यालय के दूरभाष पर दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जायेगा।

### ठंड व बारिश से फसलों को फायदा

**अनूपगढ़,** (कासं)। शनिवार को मौसम में आए बदलाव ने किसानों को राहत दी है। सुबह से छाए घने कोहरे और बादलों के साथ तापमान में गिरावट दर्ज की गई। इस मौसमी बदलाव से गेहूं, सरसों और चने जैसी रबी फसलों को फायदा होने की उम्मीद है। पतरोडा क्षेत्र के किसान परविंदर सिंह बरड़ के अनुसार वर्तमान मौसम फसलों के लिए विशेष रूप से लाभदायक है। रबी फसलों को इस समय ठंड और ओंस की आवश्यकता होती है, जो उनकी बेहतर वृद्धि और उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। सिंचाई के पानी की कमी के दौर में यह प्राकृतिक नमी फसलों के लिए वरदान साबित हो रही है। हालांकि, मौसम विभाग द्वारा जारी ओलावृष्टि की चेतावनी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। किसान जसपाल सिंह ने इस चिंता को व्यक्त करते हुए कहा कि यद्यपि वर्तमान मौसम अनुकूल है, परंतु ओलावृष्टि की स्थिति में उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। कोहरे के कारण सड़कों पर दृश्यता कम होने से वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### 200 ग्राम एम.डी. सहित गिरफ्तार

**नोखा,** (कासं)। बीकानेर में पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए देर रात को दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। डीएसटी और नोखा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पकड़े गए आरोपियों के पास से 200 ग्राम एमडी बरामद की गई है। आरोपियों की पहचान मटोलचक, दया सागर, फलौदी निवासी सुनील विश्नोई और विकास विश्नोई के रूप में हुई है। डीएसटी और नोखा थानाधिकारी अमित कुमार स्वामी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रासीसर टोल के पास से आरोपियों को धर दबोचा। कार्रवाई में डीएसटी के एएसआई रामकरण सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आरोपियों से एमडी के अलावा उनकी क्रेटा कार भी जब्त कर ली है। पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सुनील का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से है और वह इससे पहले भी बीकानेर जिले में नशीले पदार्थों की सप्लाई कर चुका है। पुलिस के अनुसार, मटोलचक गांव नशीले पदार्थों की तस्करी का एक प्रमुख केंद्र है, जहां से फलौदी और आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की सप्लाई की जाती है। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### दूध के 26 सैम्पल में से 22 फैल

**बीकानेर,** (कासं)। उरमूल डेयरी द्वारा दूध का दूध-पानी का पानी-शुद्ध के लिए युद्ध अभियान के तहत राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक के आगे स्थित सरस बूथ संख्या-15 पर शिविर आयोजित कर स्थानीय उपभोक्ताओं द्वारा लाये गए दूध के सैम्पल्स की निःशुल्क जांच करने पर फैल हुए सैम्पल्स में ग्लूकोज, स्ट्रेच, साल्ट,पाउडर और पानी की अत्यधिक मात्रा में मिलावट पाई गई। अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 26 सैम्पल आये जिसमें से 22 सैम्पल फैल और केवल 04 सैम्पल पास हुए।

# पंद्रह दिन से शॉर्ट चल रही दवाओं की खेप अस्पताल पहुंची

**बीकानेर,**(कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल में रोज करीब छह हजार से अधिक मरीज विभिन्न विभागों के आउटडोर में आते हैं। 1500 से 2000 भर्ती किए जाते हैं, लेकिन उन्हें पूरी दवाएं नहीं मिल पाती। डॉक्टर की पर्ची में लिखी दवाओं में से एक या दो दवा बाजार से ही खरीदनी पड़ती है। मरीजों के लिए राहत की खबर ये है कि पंद्रह दिन से शॉर्ट चल रही दवाओं की खेप पहुंच गई है। गुरूवार को ड्रग वेयर हाउस से सभी वार्ड और डीडीसी पर दवाएं भेज दी गई।

पीबीएम हॉस्पिटल में मरीजों के लिए फ्लूइड खत्म हो गया था। गुरूवार को बाड़मेर से एनएस और आरएल की 18 हजार बोतल मंगवाई गई। हालांकि ड्रग वेयर हाउस में फ्लूइड की 1.50 लाख बोतल रखी हुई हैं, लेकिन क्वालिटी चैक नहीं होने से 15 दिन से सप्लाई नहीं हो पा रही। इसमें अभी और समय लग सकता है। इसे देखते हुए प्रशासन ने बाड़मेर में स्टॉक अधिक होने के कारण वहां से मंगवा ली।

- **कमी के चलते कुछ दवाएं मरीजों को बाजार से खरीदनी पड़ रही थी**

इसी प्रकार एंटीबायोटिक एजीथ्रोमाइसिन की 2.70 लाख टेबलेट और कैल्शियम कार्बोनेट प्लस विटामिन डी की छह लाख टेबलेट भी क्वालिटी चैक के बाद रिलीज कर दी गई है। पीबीएम परिसर स्थित 36 जिला दवा वितरण केन्द्रों पर दवाओं की सप्लाई डिमांड के अनुसार भेजी गई है। कड़ाके की ठंड के कारण इन दिनों सर्दी, जुकाम, बुखार, अस्थमा के मरीज अधिक आने से यह दवाएं सप्ताह भर में ही खत्म हो जाती हैं। दवाएं पूरी नहीं मिलने से मरीजों को परेशान होना पड़ रहा था। उन्हें दवाएं बाहर से खरीदनी पड़ रही थी। कैंसर के मरीजों के काम आने वाली ओसिमर्टिनिब काइनेज इनहिबिटर टेबलेट भी मंगवा ली गई है। इसकी एक महीने की डोज तीन लाख रूपए की है। इसी प्रकार हैड एंड नेक और ब्लेडर कैंसर में काम आने वाले इंजेक्शन भी सप्लाई में उपलब्ध हैं। बाजार में इनकी कीमत एक-एक लाख रूपए है। महंगी दवाओं के नहीं मिलने से मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी।

डॉ. शिवशंकर झंवर, नोडल प्रभारी ड्रग वेयर हाउस ने कहा कि पीबीएम के ड्रग वेयर हाउस में अब दवाओं की कमी नहीं है। सभी 1200 तरह की दवाएं उपलब्ध हैं। जो दवाएं कम थीं वे मंगवा ली गई हैं। जयपुर में प्रत्येक दवा की लैब में क्वालिटी चैक होती है, जिसमें 21 दिन से एक महीने का समय लगता है।

## डम्पर की टक्कर से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त

**बीकानेर,** (कासं)। यहां मुरलीधर व्यास नगर में एक डम्पर चालक ने लापरवाही बरतते हुए 33 हजार केवी लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया। इससे बीकेईएसएल कंपनी को करीब तीन लाख रूपए का नुकसान हो गया। कंपनी ने डम्पर चालक के खिलाफ नयाशहर थाने में मामला दर्ज करा दिया है।

कंपनी में श्रमिक के रूप में काम करने वाले धर्मेंद्र रूड़ला ने नयाशहर थाने में एफआईआर दी है। जिसमें आरोप लगाया गया है कि करमीसर रोड पर मुरलीधर व्यास कॉलोनी में डम्पर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए 33 हजार केवी लाइन के खम्भे को टक्कर मार दी। जिससे लाइन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इसे वापस सही करने में कंपनी को करीब तीन लाख रूपए खर्च करने पड़े। कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। गनीमत रही कि किसी तरह का हादसा नहीं हुआ।

# अभियुक्त को हथकड़ी लगा परेड कराने पर रोक

**बीकानेर,** (कासं)। पुलिस की ओर से अपराधियों को हथकड़ी लगाकर उनकी सार्वजनिक परेड नहीं कराई जायेगी। इस पर रोक लगा दी गई है।

कई बार देखने में आता है कि पुलिस अधिकारी हार्डकोर अपराधी या गंभीर वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को हथकड़ी लगाकर उनकी सार्वजनिक परेड कराते हैं जिससे कि वे आमजन के बीच शर्मिन्दा हों। लेकिन अब अपराधियों की गिरफ्तारी के बाद हथकड़ी लगाकर उनकी सार्वजनिक परेड कराने पर रोक लगा दी गई है।

सभी पुलिस अधिकारियों से कहा गया है कि वे हथकड़ी लगाकर बंदी की सार्वजनिक परेड नहीं करायेंगे। इसके अलावा हथकड़ी लगाने के बाद बंदी का सोशल मीडिया पर फोटो या वीडियो भी अपलोड नहीं कर सकेंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 43 की उपधारा (3) में बंदियों को हथकड़ी लगाने के प्रावधान किए गए हैं। उसी के मुताबिक पुलिस मुख्यालय ने सभी रेंज के आईजी और जिलों के एसपी को गिरफ्तार अपराधियों को हथकड़ी लगाने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों से कहा गया है कि वे अपराध की प्रकृति और गंभीरता को ध्यान में रखते हुए गिरफ्तारी करते समय या न्यायालय में पेशी के दौरान अपराधियों को हथकड़ी लगा सकते हैं।

- **हार्डकोर अपराधी या गंभीर वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्तों को हथकड़ी लगाकर उनकी सार्वजनिक परेड नहीं करा सकेंगे**

# 1100 फीट टीनशेड, पंखे व बैंच भी लगेगी

**बीकानेर,** (कासं)। रोटरी रॉयल्स की ओर से पीबीएम हॉस्पिटल के सुपर स्पेशलियटी सेंटर के बाहर 1100 फीट लम्बा टीनशेड लगवाया जा रहा है। इस टीनशेड के नीचे करीब 8 पंखे, एक दर्जन मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट और बैठने के लिए 14 बैंच लगवाई जा रही है।

इस टीनशेड के फर्श पर ब्लॉक्स लगवाए जायेंगे ताकि यहां रहने वाले लोगों को किसी तरह से परेशानी नहीं हो। लाइटें लगाई जायेगी। इस शेड का काम 25 जनवरी तक पूरा हो जायेगा। 26 जनवरी को इसका लोकार्पण किया जायेगा। रोटरी रॉयल्स के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पीबीएम हॉस्पिटल के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के सामने बने रोटरी रॉयल्स प्रेरक पार्क में राहत प्रदान करने के उद्देश्य से दानदाता राजेश चूरा, बीएम के ग्लोबल फाउंडेशन और गोमा देवी चैरिटेबल फाउंडेशन के सहयोग से 1100 फीट लम्बा टीनशेड बनवाया गया है। जो आमजन को बारिश, धूप और सर्दी में आराम स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पीबीएम हॉस्पिटल में रोटरी रॉयल्स और अन्य संस्थाओं के सहयोग से मरीजों के परिजनों को सर्दी से बचाने एवं आश्रय के उद्देश्य से रैन बसेरा लगाया गया है।

- **पीबीएम के सुपर स्पेशियलिटी सेंटर में रोटरी रॉयल्स बनवा रहा टीनशेड**

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। मुरली व्यास कॉलोनी में रहने वाले अनिल सोनी पुत्र चांद रतन सोनी ने 6 लोगों के खिलाफ सोने के करीब 55 लाख के जड़ाऊ सेट की धोखाधड़ी कर गबन करने का मामला 17 जनवरी को दर्ज करवाया।

पुलिस में दर्ज एफ.आई.आर. में बताया गया कि जड़ाऊ सोने व हीरे आदि के 21 गहने नोखा के मोहनपुरा के महेश सोनी, रामकिशन सोनी पुत्र देवीलाल सोनी, बम्बलू निवासी बाबूलाल सोनी पुत्र गोपीकिशन सोनी, नोखा के ही मोहनपुरा के गजानंद सोनी पुत्र नरेश सोनी व दो महिलाओं मुन्नी देवी, कंचन सोनी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया सभी एक दूसरे के रिश्तेदार होने के बावजूद अमानत में खयानत की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच थाने के ए.एस.आई. नरेन्द्र सिंह को सौंपी है।

# सीवरेज जाम होने से पुरानी गजनेर रोड फिर लबालब

**बीकानेर,** (कासं)। पुरानी गजनेर रोड पर एक सप्ताह पहले सीवरेज का पानी इतना ओवर फ्लो हुआ कि मुख्य रोड के साथ पड़ौस की गलियां भी लबालब हो गई। लोगों ने एडीएम को ज्ञापन दिया तो तीन दिन सब ठीक रहा। शुक्रवार को फिर से सड़क सीवरेज के पानी से लबालब हो गई। ये देख आसपास के कारोबारी शहर कांग्रेस महासचिव राहुल जादू संगत की अगुवाई में सड़क पर उतर आए।

प्रदर्शन करने वालों का आरोप है कि सीवरेज ठीक करने वाली मशीनें आती हैं। दो घंटे वेवजह खड़ी रहती है कोई काम नहीं करती। क्योंकि काम करेगी तो उनके घंटों के पैसे नहीं बनेंगे। उसके बाद 15 मिनट कुछ करेंगे। उनका मकसद पानी को निकालना होता है। जैसे ही पानी सीवरेज से निकला वैसे ही वो रवाना हो जाते हैं। उनका काम स्थायी नहीं होता। परेशान लोगों ने टायर जमाकर नगर निगम का पुतला जलाया। प्रदर्शन की खबर लगते ही निगम प्रशासन मौके पर पहुंचा और आश्वासन दिया कि जल्दी ही समस्या दूर कर दी जायेगी। प्रदर्शन करने वालों में पुरानी गजनेर रोड के दुकानदार हुसैन फोटोग्राफर, विजय मोदी, रामदेव, झंवर, शब्बीर अहमद, कन्हैयालाल, शकील अहमद, बजरंग शामिल थे। नगर निगम कैसे काम करता है। इसका नजारा पुरानी गजनेर रोड, हैड पोस्ट ऑफिस से लेकर फड़ बाजार सब्जी मंडी तक लोगों ने बीते पांच दिन तक लोगों ने देखा था। पूरे दिन सड़क बंद करके सीवरेज की सफाई कराई। इस दौरान पूरा बाजार अस्त व्यस्त रहा। आसपास की गलियों में पानी भरे जिससे स्थानीय निवासियों का जीवन नारकीय हो गया था। पांच दिन बाद सीवर साफ तो हुए मगर आज तीसरे दिन फिर से सड़क से लेकर गलियों तक में सीवर का पानी भर गया। स्थानीय निवासियों को सड़क पर उतरना पड़ा।

- **परेशान लोग सड़कों पर उतरे, नगर निगम का पुतला जलाया**

# पट्टा वितरण से 50 लाभार्थियों को मिला मालिकाना हक

**बीकानेर,** (कासं)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में स्वामित्व योजना के तहत देशभर के 50 हजार गांवों में 58 लाख प्रोपर्टी कार्ड वितरण और योजना के लाभार्थी कार्डधारकों के साथ संवाद कार्यक्रम शनिवार को आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रविन्द्र रंगमंच पर किया गया। इस दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए देश के लाखों ग्रामीणों को उनकी भूमि का कानूनी दस्तावेज दिया है। इससे उनका जीवन स्तर सुधरेगा।

उन्होंने कहा कि आज का युग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और प्रिंटिंग का है। केन्द्र सरकार द्वारा आमजन की सहूलियत के लिए इन



**बीकानेर में रविन्द्र रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने जिले के 50 लाभार्थियों को पट्टे वितरित किए।**

तकनीकों का भरपूर उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमि के कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण आने वाली समस्याओं का बारीकी से अध्ययन करने के बाद केन्द्र सरकार द्वारा इसका समाधान किया गया है। इस दौरान उन्होंने जिले के 50 लाभान्वितों को प्रोपर्टी कार्ड वितरित किए।

विश्वकर्मा कौशल विकास बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा आमजन के कल्याण से जुड़े कार्य सतत रूप से किया जा रहे हैं। स्वामित्व योजना लाखों लाभार्थियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ेगी। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने इसे केन्द्र सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया। इस दौरान श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, गुमान सिंह राजपुरोहित आदि मौजूद थे।

- **भूमि के कानूनी दस्तावेज नहीं होने का समाधान किया**

## सर्दी में थोड़ी राहत मिलेगी

**बीकानेर,** (कासं)। अब मौसम में बदलाव का अहसास किया जा सकता है। आज से तीन दिन मौसम शुष्क रह सकता है और 21 जनवरी को बीकानेर संभाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

मौसम विभाग की इस भविष्यवाणी के सही साबित होने पर सर्दी से परेशान लोगों को राहत मिल सकती है। फिलहाल बीती रात बीकानेर में न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा, लेकिन सर्दी का अहसास इससे भी कम तापमान का रहा। मौसम विभाग ने जारी पूर्वानुमान में कहा है कि 20 जनवरी तक बीकानेर में मौसम शुष्क रहेगा। ऐसे में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। न्यूनतम तापमान भी कुछ आगे बढ़ सकता है। फिलहाल बीकानेर में अधिकतम तापमान 19.2 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके बाद भी सर्दी ज्यादा है। अहसास पांच डिग्री सेल्सियस या इससे भी कम का है। दरअसल हवा में ठंडक और गलन ने सर्दी बढ़ा दी है।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 14.1.2025
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना चक 6 जैड ए मुरब्बा नं. 27 के किला नं. 05 में माप 29 इन्टू 65 फीट भूखण्ड संख्या के-31, अम्बिका एन्कलेव-।।, श्रीगंगानगर का पटटा संख्या 6297 दिनांक 16.08.2017 को श्री प्रकाश चन्द पुत्र श्री सरदार सिंह के नाम से जारी किया हुआ है। उक्त भूखण्ड को श्री राज कुमार डोडा पुत्र श्री दयाल चन्द डोडा निवासी पी.ई.-07. पंजाबी सिटी, श्रीगंगानगर द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 02.02.2022 के द्वारा क्रय कर उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर लीज होल्ड से फ्री होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर
Rajkaj Ref No. 12993698